# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 02 अगस्त।** राजस्थान सरकार के शिक्षा, कला, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला तथा उच्च शिक्षा एवं मोटर गैराज (स्वतंत्र प्रभार), गृह विभाग के राज्यमंत्री श्री राजेन्द्र सिंह यादव ने आज प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रातः 11.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में जनसुनवाई की।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान डॉ. बी. डी. कल्ला तथा श्री राजेन्द्र सिंह यादव ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेशभर से आये बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों एवं आम लोगों की समस्याओं को सुना तथा अधिकांश समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा शेष रहे प्रकरणों का समाधान अगली जनसुनवाई से पूर्व करने का आश्वासन दिया। उक्त मंत्री के साथ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्रीमती नसीम अख्तर इंसाफ एवं सचिव श्री भूराराम सिरवी व श्री विशाल जांगिड़ मौजूद रहे।

चतुर्वेदी ने बताया कि अगली जनसुनवाई बुधवार, दिनांक 03 अगस्त, 2022 को होगी। बुधवार, 03 अगस्त को महिला एवं बाल कल्याण मंत्री श्रीमती ममता भूपेश तथा परिवहन एवं सड़क सुरक्षा राज्यमंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह ओला प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जनसुनवाई करेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं विधायक श्री वेदप्रकाश सोलंकी, सचिव श्री राजेन्द्र मूण्ड एवं श्रीमती शोभा सोलंकी इनका सहयोग करेंगे।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter